# कार दुर्घटना में मारे गये सभी छह युवकों की हुई अंत्येष्टि, रोया आदित्यपुर

>> घायल दो युवाओं की स्थिति खतरे से बाहर

>> नशे में कार चला रहा था सूरज साव, महंगा पड़ा



अंतिम यात्रा का दृश्य।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर थाना अंतर्गत जमशेदपुर सर्किट हाउस के आगे साई मंदिर के पास सोमवार सुबह हुई कार दुर्घटना में मारे गए सभी छह युवकों की अंत्येष्टि बेहद गमगीन माहौल में पार्वती घाट श्मशान घाट पर देर शाम कर दी गई। आज दोपहर जब आदित्यपुर बाबा कुटी रोड से छह साथियों की एक साथ शवयात्रा निकली तो मजबूत हृदय के इंसानों की भी आंखें भर आईं। राजद के नेता पुरेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि आदित्यपुर के इतिहास में आज का दिन काला दिन है, किसी भी घर में आज नववर्ष नयी मनाया गया और पूरा क्षेत्र शोकाकुल है। कार दुर्घटना में मारे गए सभी युवा निम्न मध्यम वर्ग के हैं।

**कार में ये युवा थे सवार**

सोमवार को करीब 4:30 बजे 8 दोस्त 1. रविशंकर झा, उम्र करीब 23 वर्ष, पिता सुनील झा 2. सूरज कुमार साव, उम्र करीब 25 वर्ष, पिता रंजीत कुमार साव, 3. हेमंत कुमार, उम्र करीब 18 वर्ष, पिता नवीन कुमार सिंह 4. अनिकेत कुमार उर्फ मोनू महतो, उम्र करीब 20 वर्ष, पिता सावन महतो 5. शुभम कुमार, उम्र करीब 19 वर्ष, पिता प्रेम रंजन झा 6. पीयूष कुमार, उम्र करीब 18 वर्ष, पिता अमित कुमार 7. अनिरुद्ध कुमार, उम्र 18 वर्ष, पिता चंदन कुमार तथा 8. हर्षवर्धन झा, उम्र करीब 19 वर्ष, पिता जितेंद्र नारायण झा सभी पता - रोड नंबर एस. 5, बाबा आश्रम, आदित्यपुर 2, थाना -आर आई टी, जिला सरायकेला खरसावां सभी अपनी बस्ती में लिट्टी चोखा पार्टी के बाद सूरज कुमार साव के टाटा कंपनी का इंडिगो सी.एस. कार संख्या जेएच 05एटी 3482 से घूमने के लिए जमशेदपुर आए थे। उक्त वाहन को सूरज कुमार साव स्वयं चल रहा था जो नशे की हालत में उक्त वाहन को तेजी एवं लापरवाही से चलाते हुए बिष्टुपुर थाना अंतर्गत सर्किट हाउस गोलचक्कर से करीब 50 गज आगे उत्तर दिशा में साईं मंदिर की तरफ जाने वाली सड़क के किनारे एक बिजली का खंभा में टक्कर मारते हुए एक विशाल पेड़ में जोरदार टक्कर मार दिया ।

**पांच दोस्त मौके पर ही दम तोड़ दिए**

जिससे उक्त वाहन काफी क्षतिग्रस्त हो गई तथा सभी आठ दोस्त में से पांच दोस्त 1. चालक सूरज कुमार साव 2. हेमंत कुमार 3. अनिकेत कुमार उर्फ मोनू महतो 4. शुभम कुमार एवं 5. पीयूष कुमार का घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गया जबकि घायल रविशंकर झा, हर्षवर्धन झा एवं अनिरुद्ध कुमार को ईलाज हेतु स्थानीय पुलिस की मदद से एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर ले जाया गया तथा घरेलू के परिजन को सूचित किया गया । एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर में अनिरुद्ध कुमार की ईलाज के क्रम में मृत्यु हो गई।

## चांडिल डैम से पिकनिक मनाकर घर लौट रहे मानगो के मो कुर्बान की सड़क दुर्घटना में मौत



चांडिल। साल के प्रथम दिन सोमवार को चांडिल डैम से पिकनिक मनाकर वापस अपने घर लौट रहे 40 वर्षीय युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक का पहचान जमशेदपुर के मानगो पुरुलिया रोड निवासी मोहम्मद कुर्बान के रूप में हुई है। मृतक अपने दो दोस्त के साथ नव वर्ष के अवसर पर चांडिल डैम पिकनिक मनाने आया था। उनके दोनों दोस्त अलग स्कूटी पर सवार था। मिली जानकारी के अनुसार मृतक मोहम्मद कुर्बान चांडिल डैम के शिश महल के पास तेज गति से बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वह घर का इकलोता बेटा था।

## ट्रांसपोर्टर विनय सिंह के इंजीनियर बेटे की तमिलनाडु में सड़क हादसे में मौत



लौहनगरी के युवा इंजीनियर की दर्दनाक मौत तमिलनाडु में हुए सड़क हादसे में हो गई है। जानकारी के अनुसार डिमना रोड पाठक कंपलेक्स निवासी ट्रांसपोर्टर विनय सिंह का इकलौता बेटा शुभम एवं बेटी एकता सिंह बेंगलुरु में इंजीनियर है और वही कार्यरत हैं। 26 वर्षीय शुभम सिंह बेंगलुरु में सॉफ्टवेयर डेवलपर इंजीनियर है और क्रिसमस की छुट्टी पर दोस्तों के साथ मोटरसाइकिल पर केरल घूमने जा रहा था। तमिलनाडू कृष्णागिरी जिले में गाड़ी से टक्कर हो गई और घटनास्थल पर मौत हो गई।

स्पीड न्यूज

## 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ किया नये साल का स्वागत

**जमशेदपुर।** नवयुग दल (युवा प्रकोष्ठ) एवं प्रज्ञा महिला मंडल गायत्री परिवार टाटानगर द्वारा 24 स्थानों पर संकल्पित 9 कुंडीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ अभियान के अंतर्गत सोमवार को 17वां महायज्ञ गायत्री ज्ञान मंदिर बारीडीह मे उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि के रूप में देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार से आई देव कन्याओं की टोली ने वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के उद्घोष वाक्य मनुष्य में देवत्व तथा धरती पर स्वर्ग का अवतरण के तत्वबोध से सभी उपस्थित श्रद्धालुओं का ज्ञानवर्धन किए। प्रातः कालीन सत्र में हवन यज्ञ को संपन्न कराते हुए गायत्री एवम यज्ञ के महत्व को बताते हुए कहा की भारतीय संस्कृति में यज्ञ को पिता तथा गायत्री को माता की संज्ञा दी गई है। गौ, गंगा गुरु, गीता एवम गायत्री को भारतीय संस्कृति का आधार स्तंभ माना गया है। इसलिए हमारे शास्त्रों में जितना गायत्री के विषय में कहा एवम लिखा गया है। उतना अन्य किसी विषय में वर्णन नहीं है। हमने यज्ञ और गायत्री से अपने को दूर कर लिया है इसलिए नाना प्रकार की विसंगतियां हमें समाज में दिखाई दे रही है। हमें पुनः वापस गायत्री एवम यज्ञ को पुनर्स्थापित करना होगा ,इसके लिए गायत्री परिवार पूरे विश्व के कोने कोने में राष्ट्र जागरण का अभियान चला रहा है। शायंकालीन सत्र में 1008 दीपों को प्रज्वलित कर दीप यज्ञ संपन्न किया गया। आयोजन को सफल बनाने में गुड्डी देवी, प्रीति सविता, नीरज, उमानाथ, सोनू, देवी शंकर, संतोष महतो, सरोज कुमार, भक्त प्रहलाद, निर्मल कुमार, श्याम शर्मा, गुरुदेव महतो आदि के साथ-साथ नवयुग दल एवं प्रज्ञा महिला मंडल का सराहनीय योगदान रहा।

## जुड़ी तथा तेतला में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित



पोटका। प्रखंड के तेंतला और जुड़ी पंचायत में सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तेंतला पंचायत में किया गया। इस अवसर पर प्रचार वाहन से केंद्र के नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियों को एलईडी स्क्रीन पर दिखाया गया। कार्यक्रम में आयुष्मान भारत,सामाजिक सुरक्षा के तहत पीएम जनधन योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, पीएम आवास योजना सहित अन्य सभी योजनाओं की जानकारी देकर लाभ उठाने की अपील किया। अंत में वर्ष 2047 तक भारत देश को विकसित देश बनाने हेतु सामूहिक संकल्प लिया गया। मौके पर पूर्व विधायक मेनका सरदार, बीडीओ अभय द्विवेदी, सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा.रजनी महाकुड़, डा.सुकान्त सीट,सीआई नवीन पूर्ति,प्रमोद कुमार, बीटीएम ब्रजेश कुमार एटीएम धर्मेंद्र कुमार व राजू सरदार, बीएओ देवेन महतो,पंस साधुचरण सामाद,जेएसएलपीएस के निखिल महतो सहित अनेक लाभार्थी उपस्थित थे।

# कार में सीट बेल्ट और दुपहिया वाहनों पर हेलमेट अवश्य पहनें : टीवी नरेंद्रन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


नववर्ष पर केक काटते सीनियर सिटीजन डॉ आरएन शर्मा और टीवी नरेंद्रन। साथ में हैं टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी।

जमशेदपुर। टाटा स्टील के मैनेजिंग डायरेक्टर एंड चीफ एग्जूक्टिव ऑफिसर टीवी नरेंद्रन ने नए वर्ष पर जमशेदपुरवासियों को हार्दिक बधाई दी है। सोमवार को सेंटर फॉर एक्सीलेंस में नव वर्ष के केक कटिंग समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 9 वर्ष के अवसर पर हम सभी को परिवार और समाज की सुख समृद्धि के साथ-साथ स्वयं की सुरक्षा का भी संकल्प लेना चाहिए ।

हम लोग घर पर रहे, सड़क पर चलें अथवा प्लांट में काम करें ,कार्यालय में काम करें, हर जगह सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है और सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करने की जरूरत है। हम सभी को सुरक्षा नियमों के पालन को अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। टीवी नरेंद्र सुबह सर्किट हाउस एरिया में हुई कार दुर्घटना में 6 युवकों की मौत पर चर्चा करते हुए कहा कि शहर के लिए यह बहुत ही दुखद घटना है। निश्चित रूप से नयेवर्ष की खुशियों के बीच सुबह-सुबह इस घटना ने हम सभी को झकझोर करके रख दिया है।

यह दुर्घटना हमें जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश देती है। सड़क पर आप कार से चलें तो सीट बेल्ट अवश्य लगावे। आप कार ड्राइव करें अथवा ड्राइवर के बगल में बैठे अथवा पिछली सीटों पर बैठे,सीट बेल्ट अवश्य बांधें। सीट बेल्ट की महत्ता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हाल ही में मेरे चार सहकर्मी कोलकाता में सड़क मार्ग से आ रहे थे। रास्ते में उनकी कार बुरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हो गई किंतु सीट बेल्ट बांधने के चलते चारों साथी बाल बाल बच गए। नरेंद्रन ने शहर वासियों से कहा कि अगर आप बाइक अथवा स्कूटी से अथवा मोपेड से चल रहे हैं तो आपको हेलमेट अवश्य पहनना चाहिए । दुर्घटना होने की स्थिति में सर बच जाएगा तो हाथ पैर में चोट को इलाज संभव है किंतु सर में चोट लगने का मतलब है कि आपकी जान बचाना मुश्किल होगा। इसके पश्चात टीवी नरेंद्रन ने बीते बीते वर्ष 2023 की चर्चा करते हुए कहा कि वर्ष 2023 भारत के लिए अच्छा रहा किंतु अंतरराष्ट्रीय बाजार के लिए काफी चुनौती पूर्ण समय रहा क्योंकि जगह-जगह संघर्ष चल रहे हैं।

इस दौर में भी हमारे देश का जीडीपी ग्रोथ 7% रहा जो बहुत ही अच्छा है। मौजूदा बाजार की चर्चा करते हुए कहा कि अभी चीन का रिकवरी रेट ठीक नहीं है और हर माह चीन 8 मिलियन टन स्टील का निर्यात कर रहा है। यह माल भारत में भी आ रहा है इससे भारतीय अस्पत उत्पादों के दम पर असर पड़ रहा है। भारत का स्टील मार्केट में इस्पात की मांग हर साल 10 से 12% की दर से बढ़ रही है क्योंकि सरकार सराहनीय रूप से आधारभूत संरचनाओं पर फोकस कर रही है। नतीजा देश में हर वर्ष 10 मिलियन टन स्टील की अतिरिक्त खपत हो रही है। हम इस गैप को भरने के लिए कलिंगा नगर प्रोजेक्ट, टाटा स्टील बीएसएल अंगुल प्रोजेक्ट, नीलांचल इस्पात आदि का क्षमता विस्तार कर रहे हैं। कलिंगानगर प्रोजेक्ट में कंपनी 25000 करोड़ पहले ही इन्वेस्ट कर चुकी है और वहां 3 मिलियन टन सालाना इस्पात का उत्पादन हो रहा है जबकि करीब 35000 करोड रुपए की लागत से कंपनी 5 मिलियन टन उत्पादन क्षमता विस्तार पर काम कर रही है। इसी तरह अंगुल प्रोजेक्ट कभी क्षमता विस्तार किया जा रहा है। जहां तक जमशेदपुर की बात है तो हम लोग यहां पर डाउनस्ट्रीम इंडस्ट्री पर फोकस किए हुए हैं।

जमशेदपुर में 11 मिलियन टन स्टील उत्पादन हो रहा है और अब इस प्लांट की क्षमता विस्तार नहीं की जा सकती इसलिए आईएसडब्ल्यूपी, जेम्को, टिनप्लेट कंपनी एवं अन्य डाउनस्ट्रीम उद्योगों में चार हजार करोड रुपए का निवेश किया जा रहा है। जमशेदपुर प्लांट शहर के बीचो-बीच स्थित है इसलिए कंपनी शहर को क्लीनर और ग्रीनर बनाए रखने की दिशा में काम करती रहेगी।

## 50 किमी जागरूकता दौड़ लगाकर 82 वर्षीय रामदास टुडू ने रचा इतिहास



पोटका। नया साल हर कोई अपने अपने तरीके से मनाता है। इसी में नया साल मानने का एक कड़ी यह भी है। पोटका। मैन वर्सेज वाइल्ड टीम के प्रमुख पोटका प्रखंड के दामुडीह गांव निवासी 82 वर्षीय रामदास टुडू एवं 52 वर्षीय बाघमारा गांव के सुधीर सोरेन ने 50 किलोमीटर की जागरूकता दौड़ को संपन्न कर प्रखंड में नव वर्ष पर एक इतिहास रचा। जागरूकता दौड़ पर इनके सहयोगी की भूमिका में राष्ट्रीय एथलेटिक्स चाईना गोप व प्रदीप गोप, लकी हंसदा, छिता टुडू, बिमला सरदार, सुरेश शिंकु, शिवनाथ टुडू, सोमाई मर्डी, राजेंद्र नाथ दास, धनंजय प्रमाणिक मौजूद थे। इस दौड़ का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण स्वास्थ्य, बाल विवाह पर रोक, महिला उत्पीड़न के खिलाफ जागरुकता फैलाने के साथ-साथ लैंगिक असमानता में समानता लाना शामिल है।

## इंडस्ट्रीयल टाउनशिप कमेटी का गठन सराहनीय : टीवी नरेंद्रन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


पत्रकारों से बात करते टीवी नरेंद्रन। साथ में हैं चाणक्य चौधरी।

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक एवं सीओ टीवी नरेंद्र ने झारखंड सरकार द्वारा जमशेदपुर इंडस्ट्रियल टाउनशिप के गठन का स्वागत किया है। उन्होंने नव वर्ष के अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यह एक अच्छी पहल है जो दशकों से पेंडिंग पड़ी हुई थी। हम उम्मीद करते हैं कि इंडस्ट्रियल टाउनशिप के गठन से जमशेदपुर का विकास और तेज होगा और शहर में नागरिक ऑन का जीवन स्तर उन्नत करने में इससे मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, फिलहाल जमशेदपुर इंडस्ट्रियल टाउनशिप समिति का लीगल फ्रेमवर्क पर काम हो रहा है और कंपनी बेसब्री से इसके पूर्ण स्वरूप में आने का इंतजार कर रही है। एमडी ने कहा कि इंडस्ट्रियल टाउनशिप का कॉन्सेप्ट कोई नया नहीं है। 1990 के दशक में बिहार सरकार ने बोकारो और जमशेदपुर को इंडस्ट्रियल टाउनशिप समिति बनाने का घोषणा किया था तब से यह प्रस्ताव येनकेन प्रकारेण सरकारों के पास विचारणीय रह। खुशी की बात है कि झारखंड सरकार ने तीन दशक से अधिक पुराने इस मामले में एक निर्णय लेने में सफल रही है। एमडी ने कहा कि टाटा स्टील अपनी विरासत के अनुरूप जमशेदपुर शहर के विकास एवं यहां नागरिक सुविधाओं में निरंतर सुधार के लिए निवेश करती रही है और आगे भी निवेश करती रहेगी। खुशी की बात है कि इंडस्ट्रियल टाउनशिप पर स्थिति स्पष्ट हो गई है और टाटा स्टील इंडस्ट्रियल टाउनशिप कमेटी को सफलतापूर्वक चलाने के लिए हर तरह से मदद देगी। मेरी समझ है कि इंडस्ट्रियल टाउनशिप के गठन से जमशेदपुर का संतुलित विकास होगा। यह पूछे जाने पर की इंदौर नगर निगम होने के बावजूद स्वच्छता के मामले में भारत में नंबर वन शहर बन गया है जमशेदपुर में क्या दिक्कत हो रही है? एमडी ने कहा कि इंदौर में स्वच्छता को लेकर जो कुछ काम किया है उसे हम सकारात्मक रूप से लेते हैं और हम लोग उम्मीद करते हैं कि नागरिकों के सहयोग से जमशेदपुर को हम नंबर वन बनाने में सफल रहेंगे। इस अवसर पर नरेंद्रन के साथ टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट कॉरपोरेट सर्विसेज चाणक्य चौधरी और टाटा स्टील यूआईएसएल के एचडी ऋतुराज सिंह और टाटा स्टील के सिक्योरिटी के अरविंद सिंहा भी उपस्थित थे।

## जुबिली पार्क में पिकनिक मनाने उमड़ी भीड़


शहर के नामी जुबिली पार्क में नववर्ष पर पिकनिक मनाने को दिन भर पार्क गुलजार रहा।

खबर एक नजर में

## विधायक निधि से निर्मित शहीद बेदी का मंगल कालिंदी ने किया उद्घाटन



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत दक्षिण गदड़ा पंचायत के तुपुडांग गांव में खरसावां गोलिकांड में शहीद हुए वीर शाहिद गुबंग सामड, वीर शाहिद सुखा भूमिज, वीर शहीद चमरू सामड, वीर शहीद काटे सरदार के समृति में विधायक निधि से निर्मित सहीद वेदी का उद्घाटन सोमवार को विधायक मंगल कालिंदी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने वेदी पर पुष्प अर्पित कर उन सभी शहीदों को नमन किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थित ग्रामीणों ने पूजा अर्चना कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वही दूसरी और विशाल झारखंड शहीद मेला का आयोजन गदड़ा, तेतुल बगान बोय्स क्लब, बालीडुंगरी फुटबॉल मैदान में हर साल की भांति इस साल भी शहीदों की याद में 62वां वार्षिक खेल-कुद प्रतियोगिता रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए और तेतूल बगान क्लब में स्थापित शहीद स्मारक में पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दिए एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किए। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि इतिहास गवाह है कि झारखंड के अनेकों वीरों ने समाज और देश की खातिर अपनी कुबार्नी दी है। हम सभी को अपने इन अमर शहीदों पर गर्व है और खरसावां गोलीकांड के शहीदों का बलिदान कभी बुलाया नहीं जा सकता। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व पार्षद राजकुमार सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, जिला मुखिया संघ अध्यक्ष पलटन मुर्मू, बबलू महतो, विकास स्वर्णकार, विश्वजीत भगत, बिरजु पात्रो आदि उपस्थित थे।

## ईचागढ़ क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, इस क्षेत्र से हटने का सवाल ही नहीं : अरविंद सिंह



**चांडिल।** ईंचागढ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए चांडिल अनुमंडल अस्पताल परिसर में ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा क्षेत्र में पहले की तुलना में राजनीतिक स्तर गिर गया है। उन्होंने कहा हम चाहते हैं इस क्षेत्र में अच्छे कंपनी स्थापित हो। आयरन ओर पावर प्लांट जैसे कंपनी पुरे जंगल को नष्ट कर रहा है। उन्होंने कहा मैंने अपने कार्यकाल में 9 पीडब्ल्यूडी सड़क, 30 पुल दो से ढाई सौ पुलिया बनवाने का काम किया है। हम यहां से जुड़े हुए हैं इस क्षेत्र से हटने का सवाल ही नहीं उठता है। हम बिमारी से जुझने के बाबजूद इह क्षेत्र के जनता के लिए 21 लाख के एंबुलेंस अपने अनुज के नाम पर इस क्षेत्र को उपलब्ध कराया। उन्होंने कहा चांडिल को नगरपालिका बनाना मेरा पहला लक्ष्य होगा। मौके पर नवीन पसारी, सवपन गुप्ता, रौनक पसारी, राजेश सिंह आदि उपस्थित थे।

## बोड़ाम प्रखंड के भुनी में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर



**जमशेदपुर।** नववर्ष के पहले दिन ही बोड़ाम प्रखंड के भुनी ग्राम स्थित शिशिर स्पंदन फार्म हाउस एवं कोठारी पैथो लैब के संचालक पंकज कुमार पाठक द्वारा एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिससे आस पास के छह से साथ गांवों के निवासियों को बिना मूल्य के चिकित्सकीय सलाह एवं दवाएं दी गयीं। उक्त शिविर का आयोजन स्वतंत्रता सेनानी व गांव के प्रमुख कृषक स्व दीनबंधु पाठक की स्मृति में आयोजित हुआ जिसमें एलोपैथिक इलाज के लिए डॉ मदीना और होम्योपैथी के लिए डॉ संतोष कुमार ने चिकित्सकीय सहयोग किया। इस अवसर पर दलमा क्षेत्र के बोंटा गांव के बच्चों के बीच ऊनी कपड़े और खाद्य सामग्री भी बांटी गयी जिससे बच्चों में नए साल में उत्साह की लहर देखी गयी। पूरे आयोजन के सम्बन्ध में पंकज पाठक ने कहा कि यह प्रत्येक साल की शुरूआत करने का उनका एक संकल्प है जो आम जनता की पीड़ा को कुछ कम करने का सहयोग मात्र है। आयोजन में सम्मिलित डॉ मनोज पाठक ने कहा कि यह आयोजन नए साल के प्रारम्भ में ही नयी ऊर्जा भर देती है ताकि पूरा साल जन चेतना से मन भरा रहे। स्वास्थ्य शिविर से सभी लाभुकों में खुशी की लहर थी और वे सभी यह कहते दिखे कि यह दिन वे सालों भर याद करते हैं और अगले साल के लिए इंतजार करते हैं। पूरे आयोजन में शिशिर कुमार पाठक, दिलीप पाठक, साधन पाठक, दुर्योधन महतो, सुजीत प्रमाणिक, अपर्णा पाठक, सोनाली पाठक, रोहन, शशि भूषण आदि का सहयोग रहा।

## दारेन अकादमी में दारेन कैलेंडर 2024 का विमोचन



जमशेदपुर। कपाली अंसार नगर दारेन अकादमी मे दारेन कैलेंडर 2024 का विमोचन किया गया। इस अवसर पर आयोजित विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि झारखण्ड राजद अल्पसंख्यक कमेटी के महामंत्री हाजी मंजर अमीन थे जबकि प्रो जावेद अख्तर अंसारी व हाफिज तौसीफ रजा विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित थे। समारोह का आरंभ अकेडमी के छात्र मो अली व मो शाहिद के कुरान के पाठ से हुआ जिस का अंग्रेजी मे अनुवाद भी दोनों ने किया। अपने वक्तव्य मे अकेडमी के संस्थापक व डायरेक्टर मुफती अब्दुल मालिक मिसबाही ने बताया कि दारेन अकेडमी एक सी शिक्षण संस्थान है जिस मे बच्चें धार्मिक शिक्षा के साथ नवीन शिक्षा भी प्राप्त कर सकते हैं। यहां आईपीएस सी, एमबीबीएस, यूपीएससी, नीट के लिए भी बच्चों को तैयार कराए जाने की पूरी व्यवस्था है। इस समय देश के कई राज्यों के 44 बच्चे यहां शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। अपने वक्तव्य मे मुख्य अतिथि हाजी मंजर अमीन ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि मैं दारेन अकेडमी में बुलाया गया हूं। यहां की पढ़ाई का सिस्टम देख मैं न केवल खुश हुआ बल्कि चकित हूं कि एक दिन यहां के बच्चे बुलन्दी तक जाएंगे। दारेन अकेडमी द्वारा उपस्थित अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। प्रो जावेद अख्तर अंसारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## सांसद से मिले प्रमोद मिश्रा, दी नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी बारीडीह मंडल के मीडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा ने जमशेदपुर के सांसद विदुत बरन महतो से नववर्ष के उपलक्ष्य मे उनसे मुलाकात कर उन्हे अंगवस्त्र एवं पुष्प गुछ देकर उनके कार्यकाल मे उनका अभिनंदन किया। साथ ही एक-दूसरे के साथ शुभकामनाओ का आदान प्रदान किया। इस अवसर पर सांसद ने श्री मिश्रा को संगठन एवं केंद्र सरकार की योजनाओ के सम्बन्ध मे लोगो को जागरूक करने को कहा।

# भगवान शिव को बिल्वपत्र और रूद्राक्ष अत्यंत प्रिय : वृजनंदन शास्त्री

शिव महापुराण की कथा श्रवण करने से दूर हो जाते हैं सभी प्रकार के भय : वृजनंदन शास्त्री

मानगो वसुंधरा एस्टेट में शिवकथा महोत्सव का समापन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


कथा सुनाते वृजनंदन शास्त्री।


मंत्री बन्ना गुप्ता और उनकी पत्नी सुधा गुप्ता भी पहुंचे आर्शीवाद लेने।

**जमशेदपुर।** मानगो एनएच 33 स्थित वसुन्धरा एस्टेट में चल रहे श्री शिवकथा ज्ञान यज्ञ का समापन सोमवार को हवन, पूजन और भंडारा के साथ हुआ। सात दिनों तक चले शिवकथा महोत्सव ज्ञान यज्ञ में रोजाना काफी संख्या में श्रद्धालु जुटे। सातों दिन मुख्य यजमान किरण-उमा शंकर शर्मा सहित समस्त शर्मा परिवार थे। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारा ग्रहण किया। सातों दिन की कथा का मुख्य प्रसंग रहा कि महादेव को जल और बिल्वपत्र अर्पित करें, ताकि शंकर प्रसन्न हो और भक्तों के सभी कार्य सिद्ध हो। सातवें दिन सोमवार को व्यास पीठ से कथा वाचक स्वामी वृजनंदन शास्त्री महाराज ने अनेक भक्ति प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए तारकासुर वध कथा एवं कार्तिकेय चरित्र कथा की महिमा का प्रसंग विस्तार से सुनाया। शिव की पूजा से मनुष्य जीवन के भवसागर को पार कर सकता है व मोक्ष पा सकता है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव को बेलपत्र और रूद्राक्ष अत्यंत प्रिय हैं। बेल पत्र में अखंड लक्ष्मी का वास होता है अगर धन होगा तो धर्म की ध्वजा धर्म की अविरल धारा होगी। भगवान शिव को बेल पत्र चढ़ाने और रुद्राक्ष धारण करने से मनुष्य को कई लाभ मिलते हैं। रुद्राक्ष मानसिक तनाव से मुक्ति देता है। यह शरीर, मन और आत्मा के लाभ के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होता है। महाराज श्री ने बताया कि भगवान शिव की आराधना में बेल पत्र यानि बिल्व पत्रों को विशेष महत्व है। आस्था के साथ शिवलिंग पर सिर्फ बिल्व पत्र ही अर्पित किये जाएं तब भी भगवान भोले अपने भक्त की हर मनोकामना पूर्ण करते हैं। बिल्व पत्र के वृक्ष को श्री वृक्ष और शिवद्रुम भी कहते हैं। बेल पत्र के तीनो पत्ते त्रिनेत्रस्वरूप भगवान शिव के तीनों नेत्रों को विशेष प्रिय हैं। सातों दिन की कथा का मुख्य प्रसंग रहा कि महादेव को बिल्वपत्र अर्पित करें, ताकि भगवान शंकर प्रसन्न हो और भक्तों के सभी कार्य सिद्ध हो।

**इनका रहा योगदान:-** सात दिवसीय शिवकथा महोत्सव को सफल बनाने में प्रमुख रूप से उमाशंकर शर्मा, कृपाशंकर शर्मा, रामाशंकर शर्मा, गिरजाशंकर शर्मा, कृष्णा शर्मा उर्फ काली शर्मा, संतोष शर्मा, विश्वनाथ शर्मा, रामानन्द शर्मा, रवीन्द्र कुमार, अनिल कुमार, चंदन कुमार समेत शर्मा परिवार के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**कई गण्यमान्य हुए शामिल:-** समापन के दिन सोमवार को विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक संगठन के क्रमशः मंत्री बन्ना गुप्ता, दिनेशानंद गोस्वामी, बुधराम मुंडा, शकुन्तला मुंडा, लता शरत, नीरू सिंह, शंभु शेखर, रूप शेखर, व्रजभूषण सिंह, प्रभात शर्मा, जितेन्द्र चावला, राघवेन्द्र शर्मा, अरुण बकेरवाल, राजकुमार श्रीवास्तव, राजकुमार सिंह, विनोद सिंह, मिथलेश यादव, डॉ संजय गिरी, बबुआ सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद आदि ने शिव दरबार में हाजरी लगायी और कथा का आनन्द

## स्पीड न्यूज

### श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूजित अक्षत सह निमंत्रण पत्र का वितरण



मेदिनीनगर। श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूजित अक्षत सह निमंत्रण पत्र का वितरण पलामू में प्रारंभ हो गया। पलामू के हैदरनगर प्रखंड में घर-घर अक्षत और निमंत्रण पत्र पहुंचाने का कार्य का श्री गणेश सबसे पहले हुआ। सुबह पूजा पाठ करके कार्यकर्ता निकले और 51 घरों में आज निमंत्रण पत्र का वितरण किया। सभी प्रखंडों के सम्मानित कार्यकर्ताओं के द्वारा आज यह कार्य शुरू कर दिया गया है और आगामी 15 जनवरी 2024 तक यह राम काज लगातार जारी रहेगा। जिला मुख्यालय मेदनी नगर में भी विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा तैयारी जोरों पर है। निमंत्रण पत्र वितरण का कार्यक्रम जिला समिति के द्वारा सोमवार को दोपहर बाद सेवा बस्ती से प्रारंभ किया जाएगा। उधर लेस्लीगंज, पांकी, सतबरवा, चैनपुर, नवा बाजार, नौडीहा बाजार, विश्रामपुर, जपला, भीम नगर, छतरपुर, पाटन, मनातू और पांडु आदि प्रखंडों से भी इस शुभ कार्य प्रारंभ होने की सूचना मिल रही है। सभी राम भक्तों को जिला समिति का पूर्ण समर्थन और सहयोग मिल रहा है। 22 जनवरी तक लगातार कई तरह के जन जागरण के कारण जारी रहेंगे और पलामू 22 जनवरी 2024 को एक नया इतिहास रचने की तैयारी में लग चुका है।

### शारदा सेवा समिति ने किया कल्प तरू उत्सव का आयोजन



**मेदिनीनगर।** श्री रामकृष्ण मां शारदा सेवा समिति द्वारा दुर्गाबाड़ी परिसर में कल्प तरू उत्सव का आयोजन किया गया। श्रीराम कृष्ण, मां शारदा, स्वामी विवेकानंद महाकाली भगवान शिव के आराधना कर व हवन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संस्थाके अध्यक्ष राजदेव उपाध्याय ने भगवान श्रीरामकृष्ण के कल्पतरू के विषय पर प्रकाश डाला। कहा कि भगवान श्रीरामकृष्ण एक जनवरी को शरीर त्याग कर अत्यंत पीड़ामें थे। अचानक उठकर भक्ति का खजाना कल्पतरू बनकर बिखेर दी। इस दिन जो जिस भाव में जिस चीज की कल्पना की। गिरीश घोषको भक्ति प्रदान की। उनके शरीर छोड़ने के अंतिम काल में श्रीमद स्वामी विवकानंद ने ठाकुर से पूछ डाला। कार्यक्रम में गणेश पांडेय, मानस कुमार अड्डी, अमित दत्ता, पुरूषोत्तम , नंद कुमार, सुनीता देवी, नुपूर विश्वास,केएस भटाचार्य, पुजारी देवी प्रसाद बनर्जी मौजूद थे।

### मनातू थाना प्रभारी ने नए वर्ष में किया कर्मी को सम्मानित



**मनातू पलामू।** थाना प्रभारी कमलेश यादव ने नव वर्ष के अवसर पर मनातू थाना परिसर में सभी चौकीदारो एवं कुक को बीते वर्ष 2023 मे अच्छे कार्य करने हेतु अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर पुलिस निरीक्षक पंकज कुमार, सहायक पुलिस निरीक्षक उमर खान ,सत्येंद्र कुमार सिंह, मिथिलेश सिंह, सुरेंद्र उरांव,पूर्ति राम, थाना के मुंशी रामलाल कुमार, मनातु थाने के चौकीदार पंकज पासवान, राजेंद्र पासवान, नंददेव पासवान, नरेश यादव, गोविंद तूरी, राजेंद्र कुमार, पिंटू कुमार, कुक शिव प्रसाद राय को थाना प्रभारी अपने निजी खर्च से अपने तरफ से शॉल एवं मिठाइयां देकर उपहार भेंट किया।

### केंद्र सरकार के नये कानून के विरोध में वाहन चालक हड़ताल पर गये



**मेदिनीनगर।** केंद्र सरकार द्वारा वाहन चालकों के लिए नया कानून लोकसभा से पारित किया गया। जिसमें चालक एवं वाहन के उपर कानून सम्मत सख्त कार्रवाई की जायगी। इसके विरोध में देशव्यापी आंदोलन के तहत पलामू चालक संघ ने भी तीन दिवसीय हड़ताल के पहले दिन वाहन को ठप कर रैली निकाला। इस संबंध में अध्यक्ष संजय राम ने कहा कि नये कानून बनाये जाने से चालक भयभीत हैं। कारण कि इस नये कानून में जो प्रावधान लाया गया है उसका भरपाई चालक नहीं कर पायेंगे। इस कारण सरकार नये कानून को वापस ले वरना यह आंदोलन तीन जनवरी के बाद देशव्यापी उग्र रूप धारण करेगा। ज्ञात हो कि देश में दिन प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसमें दो पहिया, चार पहिया वाहन से लेकर बड़े वाहन के चपेट में आने से लोगों की मौतें हो रही हैं। चाहे ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी क्षेत्र या राष्ट्रीय राजमार्ग की हो। सभी सड़कों पर दिन प्रतिदिन सड़क दुर्घटना में लोगों की मौतें हो रही है। इसमें चालक की लापरवाही कहें। जिस कारण सड़क दुर्घटना से सरकार व बीमा कंपनी परेशान है। सड़क दुर्घटना के पुराने कानून में जो प्रावधान था उससे चालकों में भय व्याप्त नहीं है। जिस कारण वे बेखौफ वाहन की रफ्तार के साथ चलाते थे। वहीं जब केंद्र सरकार ने पुराने कानून में बदलाव करते हुए नये कानून लोकसभा से पास किया तो भारत के वाहन चालकों में खलबली मच गई। आंदोलन में कमलेश मेहता, विजय गुप्ता, दीपक चंद्रवंशी समेत कई लोग शामिल थे।

# नववर्ष के आगमन पर पिकनिक स्पॉट रहे गुलजार, प्रशासन रहा चौकस



मेदिनीनगर (खबर मन्त्र संवाददाता)। नववर्ष के आगमन को लेकर लोगों को काफी उत्साह रहती है। घर परिवार दोस्त, शासन प्रशासन समेत सभी लोग नव वर्ष का स्वागत तहे दिल से करते हैं। अपने सुख शांति व समृद्धि को लेकर मंदिरों में पूजा अर्चना कर मनोवांक्षित फल प्राप्ति का कामना किया। वहीं जिले के तमाम पिकनिक स्पॉट गुलजार रहा। पुलिस की गश्ती सुबह से लेकर देर रात तक देखी गई। युवाओं ने घर से दूर प्रकृति की गोद में जाकर पिकनिक का जमकर आनंद उठाया। लोगों ने बम पटाखों से नव वर्ष 2024 का स्वागत रात्रि 12 बजे किया। पिकनिक स्पॉटों पर लोगों की भारी भीड़ जुटी। शहरवासी पिकनिक मनाने कोयल नदी, केचकी, अमानत नदी व बेतला पहुंचे। साल का पहला दिन प्रकृति के गोद में बिताया। जंगल व नदी किनारे भोजन का लुत्फ लिया। बम पटाखे छोड़कर फिल्मी गीतों पर झूमे। इसके पूर्व रविवार की रात से ही लोगों ने नये साल के स्वागत की तैयारी कर ली थी। गली मुहल्लों में सड़कों पर हैप्पी न्यू ईयर लिखा देखा जा सकता है। रात में ग्यारह बजते ही युवा सड़कों पर निकल आये। पटाखा की आवाज व रौशनी ने नये साल का वेलकम किया।

### मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**मेदिनीनगर।** नये वर्ष के पहले दिन की शुरूआत लोगों ने भगवान के आराधना के साथ की। मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए भीड़ उमड़ पड़ा। बड़ी संख्या में युवा वर्ग मंदिर में पहुंचा। रेड़मा काली मंदिर, छह मुहान काली मंदिर, मुख्य बाजार स्थित महावीर मंदिर, कोयल नदी किनारे देवी मंदिर व अन्य मंदिरों में पहुंचे लोगों का कहना था कि पूरा साल शांतिमय हो इसी प्रार्थना के साथ मंदिर पहुंचे हैं। भक्त मंदिरों में पूजा अर्चना कर व मन्नत मांगकर नये वर्ष की शुरूआत की।

### मलय डैम में लोगों ने नौका बिहार का लिया आनंद



**सतबरवा।** नया साल के शुरूआत में पहला दिन प्रखंड क्षेत्र के कई पिकनिक स्थलों समेत मलय डैम में नौका विहार का आनंद लेने के लिए दिन भर सैलानियों का तांता लगा रहा। इस दौरान लोग मोटर बोट और पैंडल बोट का खुब आनंद उठाया। इस दौरान सुरक्षा के ख्याल से सभी पिकनिक स्थलों पर पुलिस जवान की तैनाती की गई थी। मौके पर उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव ने कहा कि 2 दिन पूर्व पलामू डीसी व एसपी समेत जिले के कई वरीय अधिकारी नौका विहार का आनंद लेने तथा पिकनिक में शामिल होने आए थे, मलय डैम पर्यटन के क्षेत्र में काफी तेजी से विकसित हो रहा है। वही पलामू किला मेला स्थल के समीप औरंगा नदी में सुबह से ही पिकनिक मानने वाले लोगों की भीड़ देखी गई।

### हुसैनाबाद में पिकनिक स्पॉट रहा गुलजार



हुसैनाबाद पलामू। अनुमण्डल क्षेत्र के विभिन्न पिकनिक स्पॉट पर युवाओं ने खूब किया मस्ती लोगों न्यू ईयर को उमंग के साथ किया स्वागत। हुसैनाबाद प्रखण्ड में घघरा कुण्ड, लंगरकोट मुरली पहाड़ी, सोन नदी के तट, हैदरनगर के सोन तटीय क्षेत्र समेत दर्जनो पिकनिक स्पॉट पर लोग बाजा गाजा, डीजे के साथ झूमते हुए नजर आए। मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष शशी कुमार, एनसीपी के विनय पासवान, प्रगतिशील युवा क्लब के अध्यक्ष रंजीत चंदेल, अनिमेष अग्रवाल, प्रदीप पटेल, राजेश मालाकार, मनीष कश्यप, धर्मेंद्र विश्वकर्मा मौजूद थे।

### मोहम्मदगंज : सैलानियों से गुलजार रहा पिकनिक स्पॉट



मोहम्मदगंज पलामू। मोहम्मदगंज व आसपास के पिकनिक स्पॉट क्षेत्रों में सोमवार को लोगों ने जश्न मनाते हुए नववर्ष का स्वागत किया। नववर्ष के पहले दिन क्षेत्र में पिकनिक का दौर शुरू हुआ। लोगो ने भीम चूल्हा मंदिर परिसर, रेलवे टनल, पहाड़ी, सिंचाई विभाग के आई बी, कोयल नदी के तटपर, कासीस्त्रोत डैम, सितचुआ आदि स्पॉट पर लोगों ने पिकनिक किया। पिकनिक स्पॉट पर युवा वर्ग के साथ-साथ बड़े-बुजुर्ग, महिला व बच्चे भी पिकनिक के लिए पहुंचे और जमकर पिकनिक का आनंद लिया। इसके अलावा कोल्हुआ पंप चैनल, बिर्ध्वर कोयल नदी, पंसा सूर्य मंदिर, कोयल सोन के संगम तट पर भी लोगों ने पिकनिक का आयोजन किया। पिकनिक को लेकर मुर्गा व मटन की कीमत में काफी उछाल रहा। शराब की बिक्री भी जमकर हुई। **पिकनिक स्पाट पर पुलिस की निगरानी :** नववर्ष पर पिकनिक को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार पिकनिक स्पॉट पर थाना प्रभारी अक्षय कुमार के नेतृत्व में पुलिस की कड़ी निगरानी थी।

### आदिवासी परिवार के साथ पिकनिक सह वनभोज कार्यक्रम में शामिल हुए पांकी विधायक

# खुशियां और विकास की सौगात लेकर आया है यह साल : डॉ शशिभूषण मेहता

खबर मन्त्र संवाददाता





**पांकी पलामू।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता ने आज अंग्रेजी के नए वर्ष के शुभ अवसर पर मॉडन पंचायत के ग्राम पंचफेडी के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पंचफेडी गांव के सरना स्थल के प्रांगण में आदिवासी परिवार के साथ मे पिकनिक सह वनभोज कार्यक्रम में उपस्थित हुए। इस मौके पर विधायक डॉ मेहता ने आदिवासी महिलाओं के बीच में साड़ी का वितरण भी किया। इस कार्यक्रम में हजारों आदिवासी परिवार शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन रामावतार उरांव किया। मौके पर विधायक डॉ मेहता नववर्ष की शुभकामनायें देते हुए पांकी बिधानसभा क्षेत्र वासियों की मंगलकामना की। बिधायक ने कहा की नया साल 2024 बिधानसभा क्षेत्र वासियों के लिए खुशियां और विकास का सौगात लेकर आया है। आनेवाले वर्ष मे बिधानसभा मे विकास की गंगा बहेगी। उन्होंने कहा कि पिता परमेश्वर से प्रार्थना करते हैं कि नया साल से ही पांकी विधानसभा क्षेत्रवासियों को शांति सुकून और सम्पन्नता प्रदान करे। मौके पर सुंदरलाल उरांव, राजदेव उरांव, जोगिंदर उरांव, बैसाखी उरांव, चन्द्रिका उरांव, अमरेश उरांव, राजेन्द्र उरांव, प्रीति उरांव, बसंती उरांव, शीलो उरांव, मंटू शर्मा, पंकज यादव, सतबरवा जिला परिषद सुधा कुमारी, प्रो बचन ठाकुर, ओबीसी मोर्चा के संजय चंद्रवंशी, तरहसी मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, रंजय ठाकुर, यसवंत कुमार, सतबरवा विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, अजय उरांव, चंचल यादव, डॉ रामचरित्र सिंह, सहित आदिवासी परिवार एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सेवा गारंटी अधिनियम का पालन करना सुनिश्चित करें : उपायुक्त

शशि रंजन ने कहा है कि आप सभी अवगत है कि झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम 2011 के तहत विभिन्न सेवाओं को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत निष्पादित करने का प्रावधान है




खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने पलामू के सभी कार्यालय प्रधान से झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम 2011 का पालन अनिवार्य रूप से करने हेतु निर्देशित किया है।

उन्होंने कहा है कि आप सभी अवगत है कि झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम 2011 के तहत विभिन्न सेवाओं को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत निष्पादित करने का प्रावधान है। परंतु प्रायः ऐसा देखा जा रहा है कि आप सभी के द्वारा कुछ सेवाओं को निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित नहीं किया जा रहा है।

जिसके कारण लंबित आवेदनों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसे लेकर उन्होंने सभी संबंधितों को सेवा देने की गारंटी अधिनियम का अनिवार्य रूप से पालन करने को लेकर निर्देशित किया है। इसके अलावे उन्होंने आमजनों की सुविधा के लिए सेवाओं से संबंधित सभी प्रासंगिक सूचना कार्यालय के नोटिस बोर्ड में प्रदर्शन करने को लेकर भी निर्देशित किया है।

## मोहम्मदगंज भीमचुल्हा मंदिर में हुई शादी



**मोहम्मदगंज।** नव वर्ष पर एक ओर जहां जश्न मनाया जाता रहा, वहीं भीमचुल्हा शिव मंदिर परिसर में फरीदाबाद (यूपी) के युवक और कुंभी (पांडू) की युवती का पाणिग्रहण संस्कार संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वर-वधु पक्ष के लोग शामिल थे। पुजारी गंगा तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शादी को संपन्न कराया। बताया गया कि भीमचुल्हा मंदिर वक्त बेवक्त शादी करने का महत्वपूर्ण स्थान बन गया है। अब तक एक दर्जन से अधिक शादियां यहां संपन्न कराई जा चुकीं हैं।

## हरिहरगंज : पूजित अक्षत कलश के साथ श्रद्धालुओं को अयोध्या आने का आमंत्रण मिला

खबर मन्त्र संवाददाता



**हरिहरगंज पलामू।** अयोध्या में चिरप्रतीक्षित श्री राम मंदिर का निर्माण अंतिम चरण में है। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा मंदिर के गर्भ गृह में भगवान राम के बालरूप प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसे लेकर स्थानीय आरएसएस, बजरंगदल सहित विभिन्न संगठनों के कार्यकताओं ने सोमवार को अयोध्या से आई पूजित अक्षत कलश के साथ घर घर जाकर श्रद्धालुओं को श्रीराम मंदिर तथा प्रतिमा का दर्शन पूजन हेतु आमंत्रण दिया । श्रद्धालुओं को पूजित अक्षत के साथ मंदिर का चित्र तथा पत्रक भी दिया गया। इस अवसर पर आरएसएस के खंड कार्यवाह मोहन ठाकुर ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के अपने दिव्य धाम में विराजमान होने को लेकर भक्तों में असीम उत्साह है। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन लोग अपने आसपास के मंदिरों में भजन कीर्तन का आयोजन करें। साथ ही प्रत्येक घरों में दीपोत्सव मनाएं। बाद में अपनी सुविधानुसार अयोध्या जाकर दर्शन पूजन अवश्य करें। इस अवसर पर राजेश रंजन मिश्रा, रॉबर्ट गुप्ता, बजरंग दल सहसंयोजक रिशु गुप्ता, संजय जायसवाल, विजय प्रजापति, आनंद कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, रॉकी कुमार, मुखदर्शी कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### नये वर्ष के पहले दिन पुलिस चप्पे चप्पे कर रही थी वाहन जांच



मेदिनीनगर। नये साल के आगमन पर लोग जिले के विभिन्न पर्यटक स्थल पर जाकर परिवार व दोस्तों के साथ खुशी व जश्न मनाते हैं। वहीं दूसरी ओर इस मौके पर लोग नशापान अत्यधिक कर लेते हैं जिस कारण दुर्घटना के शिकार होते हैं। किसी ईर्ष्या व बदले की भावना से घटना को अंजाम देते हैं। जिस कारण लोग परेशान होते हैं। इसे रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने नये साल के आगमन के पूर्व ही आदेश जारी कर जिले के सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिया था। उन्होंने अपने आदेश में थाना प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित थाना क्षेत्र में आनेवाले पर्यटक स्थल पर सख्त निगरानी किया जाये। साथ ही वाहन चेकिंग चलाया जाये। एसपी के निर्देश के आलोक में सदर थाना क्षेत्र के दुबियाखांड, अमानत नदी, चैनपुर, रामगढ़, सतबरवा, पांकी, लेस्लीगंज, मनातू, तरहसी, छतरपुर, पंडवा समेत अन्य प्रखंडों में पुलिस द्वारा नये वर्ष पर गहनता पूर्वक गश्ती बढ़ाई गई। वहीं वाहन चेकिंग चलाया गया। जिस कारा नशापान करनेवाले लोगों के लिए नया वर्ष फीका वर्ष साबित हुआ। टीओपी वन के प्रभारी अशोक दूबे ने कचहरी चौक, कोयल नदी, साहित्य समाज, जेलहाता, बस स्टैंड समेत शहर के विभिन्न मार्गों में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिस कारण लोगों में भय व्याप्त रहा।

## ठाकुरबाड़ी में 22 को श्री राम दरबार की होगी प्राण प्रतिष्ठा

खबर मन्त्र संवाददाता





**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** प्रखंड मुख्यालय के कोटखास स्थित स्थित ठाकुरवादी मंदिर प्रांगण से श्री राम दरबार प्रचार रथ को मुख्य संरक्षक सह पांकी बिधानसभा क्षेत्र के पूर्व बिधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने श्रीराम ध्वज दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह ठाकुरबाड़ी मंदिर लगभग 200 वर्ष पुराना है। यह सबों के लिए सौभाग्य है कि जिस दिन 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम लला विराजमान होंगे। उसी दिन और समय पर ठाकुरवादी में भी श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि 18 से 23 जनवरी तक विभिन्न धार्मिक आयोजन होना है वैसे मैं यहां का माहौल पूरी तरह धार्मिक होगा। इसके यज्ञ समिति की ओर से मुख्य संरक्षक सिंह को पगड़ी पोषी और श्रीराम पटटा देकर सम्मानित किया गया। साथ ही लेस्लीगंज थाना के एएसआइ अभय त्रिपाठी और मुख्य संयोजक राजन सिंह को भी सम्मानित किया गया। प्रचार रथ के साथ संकट मोचन हनुमान मंदिर, थानेश्वर धाम और काली मंदिर में पूजा अर्चना भी की। कार्यक्रम में हरिद्वार पंचायत के मुखिया अरविंद शुक्ला, राजन सिंह, सुरेंद्र शुक्ला, नगीना सिंह, विनोद तिवारी, विनोद तिवारी, राजू सिंह, अमित पाठक, जयराम तिवारी, बलराम मिश्रा, वशिष्ठ पासवान, अशोक मिश्रा, अनिल सिंह, जगत नारायण सिंह, रघुवीर राय, विजय सिंह, सत्येंद्र सिंह, मनी साव, रामराज प्रसाद, नीरज प्रसाद, ओमप्रकाश सोनिक, संदीप सोंडिक, अनिल सिंह, गौतम सिंह, बबलू सिंह, अमित सिंह, काकू सिंह, संतु ठाकुर, संदीप विश्वकर्मा, ज्ञानू राय, वशिष्ठ पासवान के आदि उपस्थित थे।

### मोहम्मदगंज थाना प्रभारी ने भीम चुल्हा पर सघन अभियान चलाया



**मोहम्मदगंज पलामू।** नये साल के आगमन पर पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों में प्रकृति के गोद में बसा पर्यटक स्थल लोगों को लुभाने के लिए आकर्षित कर रहा है। वहीं नये साल के आगमन पर किसी प्रकार की अनहोनी को लेकर पुलिस मुस्तैद है। जिले के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र में स्थित भीमचुल्हा पर्यटक स्थल विख्यात है। यहां पर प्रकृति का सौंदर्य व डैम मनोरम दृश्य को झलकाता है। जिसे देखने के लिए लोग उमड़ पड़ते हैं। भीम चुल्हा के पास थाना प्रभारी दल बल के साथ पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस द्वारा लगातार इस क्षेत्र में गश्ती किया गया, ताकि कहीं किसी प्रकार की कोई दुर्घटना न हो। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी ने अपने क्षेत्र के विभिन्न पिकनिक स्पौट पर गश्ती को बढ़ाया।

### सूदना गायत्री मंदिर रोड में डीलीसीयस जोन रेस्टोरेंट का हुआ उदघाटन



**मेदिनीनगर।** सूदना गायत्री मंदिर रोड में डीलीसीयस जोन रेस्टोरेंट खोला गया। रेस्टूरेंट का उदघाटन नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने किया। मौके पर सिंह ने रेस्टोरेंट के प्रोपराइटर प्रेम प्रकाश गुप्ता सपरिवार को बधाई दी। प्रो प्रेम गुप्ता ने बताया कि रेस्टोरेंट में सभी तरह के फास्ट फूड सहित खाने के सुविधा उपलब्ध रहेगी। सभी लोगों से एक बार रेस्टोरेंट में आकर हमारी सुविधा सेवा लेने का भी आग्रह किया है। मौके पर अमरेंद्र सिंह, दूदून सिंह, बडु सिंह, दुर्गा साहू, भाजपा नेता शिवकुमार मिश्र, छोटू सिंन्हा, दीपक सिंह, अंकित कुमार, नंदलाल गुप्ता उर्फ ठनठन, संजय कुमार, टिंकल गुप्ता, विकी गुप्ता रॉकी गुप्ता, सुजीत गुप्ता, सनी चौरसिया, मुकेश गुप्ता, धीरज चौरसिया, मोनू गुप्ता, जय किशन वर्मा, रवि चौरसिया अजय ठाकुर, रिंकू रंजन, अजय शर्मा, प्रियरंजन ठाकुर, पूर्व वार्ड पार्षद मनोरमा देवी, पल्लवी देवी, पूर्णिमा देवी, पूजा देवी, शोभा देवी, उषा देवी, बेबी देवी, सानू, अमीषा, आस्था, आयुषी निखिल, कृषराज लक्की सहित कई लोग शामिल थे।

## अबुआ आवास की सूची से नाम हटाने की दी धमकी ग्रामीणों ने उप मुखिया पर रिश्वत मांगने का लगाया आरोप

रणजीत पाण्डेय




**चैनपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के कोशियारा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मानती देवी ने दर्जनों ग्रामीण के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर से मिलकर अपना पंचायत मे हो रहे अबुवा आवास मे धांधली के बारे मे जानकारी दी।

अपना पंचायत का ग्रामीण लाभुक के साथ आवेदन देकर आरोप लगाया कि अबुआ आवास के सूची चयन में स्थानीय मुखिया गुंजा देवी के द्वारा भारी अनियमितता बरती गई है। उन्होंने कहा कि आवास की सूची से बेघर, कच्चा मकान, दिव्यांग तथा लाचार जैसे योग्य लाभुकों का नाम काटकर संपन्न, पक्का मकान वाले, चार छह पहिया वाहन के मालिक, ईट भट्ठा के मालिक तथा निजी संपन्न परिजन जैसे अयोग्य लोगों का नाम वरीयता सूची में सबसे उपर रखा गया है।

उपलब्ध सूची में कुछ योग्य लाभुक का नाम भी है तो उसका स्कोर ज्यादा रखा गया है। कई ग्रामीणों नें उप मुखिया बेबी देवी के पति पप्पू चौरसिया द्वारा आवास सूची में नाम चढ़ाने के लिए पचास हजार रुपए मांगने का आरोप लगाया।

पंचायत समिति मानती देवी के पति संजय चौरसिया ने कहा कि उप मुखिया बेबी देवी के पति पप्पू चौरसिया ने लाभुक का घर जाकर आबुआ आवास के बदले लाभुक का स्थिति देखते हुए पच्चीस हजार से पचास हजार तक पैसों का मांग किया,ग्रामीण दिव्यांग धीरज चौरसिया,सरजू महतो,बच्चन प्रसाद, वार्ड सदस्य परती देवी,तेतरी देवी, जिरवा देवी सहित दर्जनों ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पप्पू चौरसिया ने आवास की सूची में नाम चढ़ाने के लिए पैसे की मांग की नही देने पर नाम काट देने का सूची से धमकी दिया। प्रखंड उप प्रमुख सुनील कुमार सिंह ने कहा कि आवास में किसी प्रकार की मनमानी और अनियमिता नहीं बरतने दी जाएगी। योग्य लाभुको को ही अबुवा आवास का लाभ मिलेगा तथा दोषी व्यक्ति को किसी भी हर हाल में बक्सा नहीं जाएगा।

## प्रगतिशील पत्रकार मंच ने नव वर्ष में एसडीएम को दी बधाई

## विकास में पत्रकारों का सहयोग अपेक्षित हैं : गंगवार

### पत्रकारों ने एसडीएम को कई समस्याओं से अवगत कराया

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमण्डल के प्रगतिशील पत्रकार मंच के सदस्यों ने हुसैनाबाद के नवनियुक्त अनुमण्डल पदाधिकारी आइएस आशीष गंगवार को बुके देकर नव वर्ष का बधाई दिया।

इस मौके पर पत्रकारों ने एसडीएम से कई समस्याओं को अवगत कराया और युवा आईएस पदाधिकारी से नव वर्ष में हुसैनाबाद के विकास को लेकर संकल्प लिया लिया। मौके पर गंगवार ने नववर्ष पर अनुमण्डल वासियों को बधाई दिया एवं कहा कि मेरा प्रयास रहेगा कि हुसैनाबाद की लॉयन ऑडर व्यवस्था में सुधार होगी मैं लोगो की भावनाओं के साथ अनुमण्डल क्षेत्र में विकास की नया अध्याय लिखा जाएगा।

उन्होंने अंत मे कहा कि प्रशासन को अपनी व्यस्थाओं के अनुरूप कार्य करने में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं। आप लोगों से अपेक्षा हैं कि आप लोग इस कार्य के सहयोग करेंगे।

मौके पर पत्रकार मंच के अध्यक्ष नौशाद खान उर्फ गुड्डू खान, जितेन्द्र प्रसाद, संजय ओझा, कमलेश विश्वकर्मा, गौतम पटेल, विकास कुमार, धनंजय गुप्ता, अखिलेश पासवान, सतेंद्र चंदेल, दीपक कुमार आदि ने बधाई दिया।

# महुआडांड़ प्रखंड में पर्यटकों से गुलजार हुआ पिकनिक स्थल, नेतरहाट, बुढ़ा घाघ व सुग्गा बांध में उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता


सुग्गाबांध में उमड़ा सैलानियों का भीड़।

**महुआडांड़।** महुआडांड प्रखण्ड में नव वर्ष का स्वागत काफी धूमधाम एवं उत्साह के साथ किया गया। कहीं लोगों ने पिकनिक मना कर स्वागत किया तो कहीं क्षेत्र के मंदिरों में पूजा अर्चना कर सुख, समृद्धि, संपन्नता, स्वास्थ्य, धन, यश, मान-सम्मान और उन्नति, प्रगति तथा विकास आदि के मन्नतें मांगी। रविवार रात 12 बजने के साथ ही मोबाइल से हेलो हाय, एसएमएस, वाट्सएप, फेसबुक, मैसेंजर एवं ई-मेल के माध्यम से नववर्ष की बधाई देने में क्षेत्र के लोग दिन भर व्यस्त रहें। आतिशबाजी एवं हैप्पी न्यू ईयर की आवाज गूंजने लगी। महुआडांड प्रखंड में नये साल के स्वागत को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। वर्ष 2023 की विदाई एवं नववर्ष 2024 के स्वागत को लेकर खासकर युवा वर्ग एवं बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। नव वर्ष का स्वागत जश्न के रूप में मनाया गया। हर जगह उत्साह देखा गया। नए साल के स्वागत को लेकर लोगों ने पूरी रात जागकर गुजार दी। बारह बजे रात से ही लोगों ने एक दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं देना शुरू किया। महुआडांड प्रखंड स्थित नेतरहाट, बुढ़ा घाघ, सुग्गा बांध पर काफी संख्या में लोगों ने पिकनिक का मजा लिया।

### नेतरहाट, बुढ़ा घाघ, सुग्गा बांध पर उमड़ी भीड़

प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी नेतरहाट, बुढ़ा घाघ, सुग्गा बांध में सबसे ज्यादा पिकनिक प्रेमियों के जत्थे अपनी महफिल जमाते नजर आए। पिकनिक का सिलसिला 22 दिसम्बर से चलता है जो 10-15 दिन तक जारी रहता है।

### मंदिर-गिरजाघर सजाया गया

नववर्ष पर जहां हजारों लोग ऐश मौज करने पिकनिक स्थलों पर नजर आए, उनसे दस गुणा श्रद्धालु सुबह-सवेरे मंदिरों में परिवार सहित पूजा अर्चना करते दिखे। बाद में अपने घरों में ही कई स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद सपरिवार उठाया। महुआडांड प्रखंड के हर मंदिर में भीड़ दिखी।

### सेल्फी का रहा क्रेज

नव वर्ष के अवसर पर युवा वर्गो ने प्रकृति के सौंदर्य नजारा पर एक से बढ़कर एक सेल्फी लेते दिखाई दिये. कोई पत्थर के चट्टानों पर, कोई नदी के कल-कल बहते पानी पर तो कोई नदी की रेत पर, कोई सरसों फूल के खेत पर सेल्फी लेते दिखाई दिया।

## नव वर्ष पर लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम ने कार्यकर्ताओं के साथ किया वनभोज


वन भोज कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के साथ विधायक वैद्यनाथ राम।

खबर मन्त्र संवाददाता

➲ विधायक वैद्यनाथ राम ने दी जिले वासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं

**लातेहार।** लातेहार के विधायक बैद्यनाथ राम ने नव वर्ष के मौके पर सोमवार को गठबंधन दल के सैकड़ो नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ लातेहार जलता स्थित फार्म हाउस में वनभोज कार्यक्रम किया। इस कार्यक्रम में पुरे विधानसभा क्षेत्र से आये नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने विधायक बैद्यनाथ राम को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस दौरान बैद्यनाथ राम ने तमाम कार्यकर्ताओं एवं लातेहार विधानसभा क्षेत्र की जनता को नव वर्ष की शुभकामना भी दी। इन्होने कहा कि विधायक बैद्यनाथ राम ने आगे कहा कि यह नव वर्ष लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए अहम होने वाला है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेने की अगुवाई में वर्ष 2024 में राज्य का चहुंमुखी विकास होगा। मौके पर लातेहार विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, पंकज तिवारी, युवा नेता अंकित पाण्डेय, विशाल कुमार, शमशुल होदा, मोहर सिंह यादव, सुरेश गांझू, सुदामा प्रसाद, मदन सिंह, दुर्गा प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, रविन्द्र प्रजापति, विनोद कुमार, विवेक गुप्ता, चंदन कुमार, वारिश अंसारी, नेजाम अंसारी, दीपक कुमार, रंजीत कुमार, विकास कुमार, सुनील शौंडिक, प्रितलाल यादव, सुनील गुप्ता, अरशद अंसारी, अशोक यादव, दया पांडेय, मो. इमरान, वीरेंद्र पाठक, मो अख्तर, हनुमान अग्रवाल, मो. सरफराज, अशोक पांडेय, अरविन्द पाठक, राजन प्रसाद, मो. इमरान, रब्बानी हुसैन, बिहारी प्रसाद, कन्हाई पासवान, राजकुमार साहु, बहादुर साव, संजय प्रसाद, हरिवंश प्रजापति, कबीर मिंया, रंजन यादव समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## आतिशबाजी के साथ लोगों ने किया नए साल का स्वागत, डीजे की धून पर पुरी रात लोगों ने किया डांस

➲ सुबह में मंदिर और अन्य धार्मिक स्थलों में भी जुटे युवा, दोपहर बाद की जमकर मस्ती

खबर मंत्र संवाददाता


चौपत नदि पर पिकनिक मनाते लोग।

**लातेहार।** नाच-गाने और आतिशबाजी के साथ लातेहार में नए साल का स्वागत किया गया। नए साल की स्वागत करने के लिए रविवार की देर शाम से ही युवाओं की टोली अपने-अपने निर्धारित स्थलों में जुटना शुरू हो गए थे। कही डीजे बॉक्स तो कही पारंपरिक वाद्य यंत्र पर लोग जमकर मस्ती करते दिखे। रविवार की रात घड़ी में जैसे ही 12 बजा लातेहार में हर जगह आतिशबाजी का शोर गूंजने लगा..आसमान सतरंगी रंगों से साराबोर हो गया। लोग खुशी से झूम उठे और सभी और हैप्पी न्यू ईयर की गूंज सुनाई देने लगी। सोमवार की अहले सुबह से ही सोशल मीडिया में हैप्पी न्यू ईयर का मैसेज आदान-प्रदान होना शुरू हो गया। सोमवार की सुबह धार्मिक स्थलों में भारी भीड़ युवाओं की दिखी। जिले के प्रसिद्ध माँ उग्रतारा नगर मंदिर में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए और अपनी अपनी मनोकामना मांगे। इसके अलावा अन्य धार्मिक स्थलों में भी बड़ी संख्या में लोग जुटे और अपनी पूजा पाठ और उपासना की। दोपहर बाद दोस्तो की टोली तो कही पारिवारिक समूह जिले के विभिन्न स्थानों में बैठक आंदन लिया। जिले में सर्वाधिक भीड़ नेतरहाट, बेतला नेशनल पार्क, बूढ़ा जलप्रपात, सुग्गा बांध, मरचिया फॉल, कांति झरना, इको पार्क, पाटम डातम समेत कई स्थानों में थी। जहां दोस्तों का समूह और पारिवारिक समूहों ने जमकर मस्ती की।

### सुबह से लोग निकल गए पिकनिक पर

लातेहार जिला अंतर्गत के पर्यटन क्षेत्र मैं लोग सुबह से ही पिकनिक मनाने को निकल पड़े जिसमे कई लोग चोपत नदी सरजू को अपना पिकनिक स्पॉट बनाया। इसके साथ है लातेहार के तापा पहाड़, ललमटिया डेम, औरंगाबाद लोक पिकनिक मनाते देखे गए। पिकनिक मनाने के बाद कई लोग लातेहार से नदी स्थित स्वामी विवेकानंद चिल्ड्रन पार्क पर अपने सभी परिवार के साथ घूमते नजर आए।

### पुलिस रही मुस्तैद

जिले के कप्तान अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार सभी पिकनिक स्पॉटों पर सुरक्षा की पूरी तैयारी थी। ड्रिंक एंड ड्राइव पर पुलिस का विशेष नजर था जिसे देखते हुए कई मनचले लड़के छिपते भागते नजर आए। कई स्थानों पर हेलमेट चेकिंग अभियान भी चलाया गया, कई के बाइक को जब्त भी किया गया।

## नव वर्ष पर सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण को लेकर प्रशासन ने बढ़ायी सख्ती


ब्रेथ एनालाईजर टेस्ट करती पुलिस।

➲ विभिन्न चौक चौराहों पर जारी रहा सघन वाहन जांच, वाहन चालको का लिया गया ब्रेथ अल्कॉहल टेस्ट

**चंदवा।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण को लेकर लातेहार उपायुक्त हिमांशु मोहन व एसपी अंजनी अंजन के निर्देशर में विगत एक पखवारे से अधिक समय से चलाये जा रहे वाहन चेकिंग अभियान को नव वर्ष के मौके पर और सख्त कर दिया गया। चंदवा थाना प्रभारी शुभम कुमार की अगुवाई में चंदवा के इंदिरा गांधी चौक व मुख्य बाजार में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। नव वर्ष के पर सड़क दुर्घटनाओं पर विराम व शराब पिकर वाहन चलाने से रोकसाथ लागाने को लेकर प्रशासन के द्वारा अभियान को और सख्त करते हुये दो पहिया वाहन चालको से हेल्मेट के साथ ब्रेथ एनालाईजर जांच के माध्यम से अल्कॉहल की मात्रा जांच की गयी। प्रशासन के द्वारा अल्कॉहल जांच किये जाने के बाद वाहन चालको में हड़कंप देखा गया। प्रशासन से इस सार्थक प्रयास के कारण ही इस नव वर्ष चंदवा के सड़को में वाहनो की रफ्तार व शराब पिकर वाहन चलाने वाले लोगो की संख्या में कम नजर आयी। खबर लिखे जाने तक चंदवा में सहीं से भी सड़क दुर्घटना या अप्रिय घटना की सुचना नहीं थी। बता दें कि प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के कारण चंदवा में सड़क दुर्घटनाओं में रिकार्ड कमी दर्ज की गयी है।



**पर्यटकों को लुभा रहा है सुग्गाबांध का वुडेन ब्रिज और गजीबो में नये साल में पर्यटकों ने की मस्ती।**

## युवा राष्ट्रीय जनता दल का वन भोज कार्यक्रम हुआ संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता


वनभोज कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ युवा राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार यादव के द्वारा वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया जो हहारो नदी में संपन्न हुआ ।इस वन भोज कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राजद के जिला कोषाध्यक्ष सुरेश राम शामिल हुए ।मौके पर बोलते हुए दीपक यादव ने कहा की राजद सुप्रीमों लालू प्रसाद यादव सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ें हैं। अभी तेजस्वी यादव की आर्थिक न्याय के तहत 5 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दिए है ।यह कार्यक्रम युवा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव व जिला प्रभारी क्षितिज मिश्रा के दिशा निर्देश में किया जा रहा है। वन भोज तो सिर्फ.एक बहाना है हम सब को मकसद राजद को और मजबूत बनाना है। राष्ट्रीय जनता दल के विचारो को जन- जन तक पहुंचाने का लक्ष्य को साकार करने के लिए हम युवाओं को संदेश देने का प्रयास कर रहे हैं ।साथ ही युवा राष्ट्रीय जनता दल प्रखंड कमिटी के ओर से सभी प्रखंड व जिले वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाए भी दिया ।वही मौके पर राजद जिला कोषाध्यक्ष सुरेश राम ने उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया एवम सभी लोगों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दिया। मौके पर राजद वरिष्ठ नेता मनोज यादव ,युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक यादव, ज्योति सिंह, राजद नेता ललन यादव, विकाश यादव, संजय यादव, शिव कुमार, सुजीत कुमार, रजनीश कुमार, विरपन यादव,चरवा उरांव, सुदामा साव, राहुल साव, उपेंद्र यादव, अंकित कुमार, शनि भोक्ता, गोपाल कुमार, बद्री यादव, ब्रह्मदेव यादव, राजेश उरांव, अभिनाश राम, महेंद्र राम, प्रमोद राम, बरतू यादव, मो अतीक अंसारी,मो एजाज अंसारी, मो सैफ, विवेक यादव, कुलदीप यादव, मनोज गंजू,शिव कुमार कुशवाहा, राजेश कुशवाहा, आदित्य गोप, बैजू राम, राजू राम के अलावे कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मिलाद कुरानखानी लंगर का किया गया आयोजन



**महुआडांड।** महुआडाड़ उर्स कमिटी अध्यक्ष, जे एम एम केंद्रीय सदस्य सह जिला बीस सूत्री सदस्य मो. मुस्तकीम की अध्यक्षता में मिलाद कुरानखानी लंगर का आयोजन किया गया। लंगर खानी से पहले मिलाद का अयोजन किया गया और अमन चैन की दुआ मांगी गाई। लंगर खानी में लोगो ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में जे एम एम युवा जिला सचिव परवेज आलम, पूर्व केंद्रीय सदस्य महिला मोर्चा अनिता मिंज, परहाटोली सदर सह प्रखंड सचिव शाहिद अहमद उर्फ भोलू प्रखंड उपाध्यक्ष अंजर खान, अरशद अंसारी, सक्रिय सदस्य हमीद अहमद, अफजल अंसारी,राशिद हजाम, इनका महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सीसीएल को वीपीआर कंपनी ने 151 रनों से हराया



विजेता को पुरस्कृत करते।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ में सीसीएल द्वारा संचालित मगध परियोजना में वीपीआर आउटसोर्सिंग कंपनी और सीसीएल के प्बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ। मगध-संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक (जीएम) नृपेंद्र नाथ ने मगध परियोजना की सीसीएल टीम का नेतृत्व किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वीपीआर की टीम ने निर्धारित 16 ओवर खेलते हुए 3 विकेट खोकर 269 बनाया। जवाबी पारी खेलते हुए मगध परियोजना की टीम 270 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 118 पर आल आउट हो गई। परिणामस्वरूप वीपीआर कंसोर्टियम ने 151 रनो से मैच को जीत कर विजेता का खिताब जीता। वीपीआर की टीम से गुदीवाड़ा नायडू ने विस्फोटक बल्लेबाजी का प्रदर्शन दिखते हुए 30 गेंदों पर 95 रन की पारी खेली जिसमे उन्होने 12 छक्के लगाए और सबसे ज्यादा छक्के लगाने का खिताब भी अपने नाम किया। पवन रेड्डी ने भी अपनी टीम के लिए 23 गेंदों पर 68 रन की पारी खेली एवं गेंदबाजी करते हुए चार विकेट भी लिए ।वही प्लेयर आफ द मैच का खिताब पवन रेड्डी बने। मगध परियोजना की टीम से नन्द किशोर भोगता ने सर्वाधिक 36 रन बनाए। अभिषेक आनंद, उप प्रबंधक (कार्मिक), सत्यनारायन प्रसाद, प्रबन्धक(खनन) और अन्य कर्मी मगध परियोजना के क्रिकेट टीम का हिस्सा थे। मगध परियोजना के परियोजना पदाधिकारी एस. सत्यनारायणा, खान प्रबंधक मो. अकरम, वीपीआर के मैनेजर जीएम श्रीनिवास रेड्डी सहित वरिष्ठ अधिकारीयों ने विजेता टीम को ट्राफी एवं प्राइज वितरण किया। मैच के अंपायर साजिद अख्तर और बी. नायडू थे। मौके पर परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी, वीपीआर के अधिकारी एवं कर्मी, आस-पास के ग्रामीण, रैयत एवं अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### अपनी 11 सूत्री मांगो को लेकर हड़ताल पर गए पीडीएस दुकानदार, आपूर्ति ठप

**चंदवा।** ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के आह्वान पर सोमवार एक जनवरी से चंदवा प्रखंड के सभी जन वितरण दुकानदार अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। जनवितरण प्रणाली दुकानदारों के अनिश्चित कालिन हड़ताल पर चले जाने से प्रखंड के खाद्यान आपूर्ति व्यवस्था पुरी तरह से चरमरा गयी है। अनाज वितरण व्यवस्था प्रभावित होने से गरीबो को मिलने वाले आहार पर संकट मंडराने लगा है। बता दें कि पीडीएस दुकानदार कमीशन 300 रुपये क्विंटल या 30,000 रुपये मानदेय निर्धारित करने, अनुकंपा के नियमों को पूर्व की भांति लागू करने, कोरोना काल मे बांटे गये 11 माह का बकाया कमीशन का भुगतान करने, ई-पॉश मशीन में 2जी की जगह 5जी की सुविधा प्रदान करने सहित नौ सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। केन्द्र व राज्य सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैया के खिलाफ पीडीएस दुकानदार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर हैं। डीलर संघ अध्यक्ष रामकृष्ण मिश्र व सचिव अजय कुमार चौधरी ने सभी पीडीएस दुकानदारो से हड़ताल को सफल बनाने की अपील की है।

### नए साल में 37 वर्ष बाद मिले बचपन के दोस्त, साथ मिलकर मनाया पिकनिक



**बालूमाथ।** नव वर्ष के उपलक्ष्य में बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्तिथ राजकीय कृत उच्च विद्यालय के 1987 बैच के सहपाठी रहे दोस्त 37 वर्ष बाद अपने दोस्तों से मिले और साथ मे पिकनिक मनाया। पिकिनिक का आयोजन डेगा-डेगी झरना मैक्लुसिगंज में किया गया था। सभी दोस्त 37वर्षो के अंतराल के बाद मिलकर भावुक हो गए और पुरानी यादों को ताजा किया। मौके पर जानकारी देते हुए प्रेम गुप्ता ने बताया कि 1987 के बाद पहला अवसर है कि जब 26 दोस्त सभी एक साथ बैठकर पिकनिक मना रहे हैं। आज के समय जहां लोगो के पास परिवार के लिए समय नही निकाल पाते वहीं कई दोस्त रांची,जमशेदपुर,पटना समेत अन्य जगहों से इस पिकिनिक मे भाग लेने आये हुए थे। मौके पर राजेश कुमार मिश्रा, बलवंत कुमार, रोहन गोप, उपेंद्र कुमार, संजय कुमार चौधरी, रविन्द्र कुमार सिन्हा, शुकुल प्रजापति, जहूर आलम, राजू उराँव, इनामुल अंसारी, रमेश कुमार मांझी, प्रदीप सिंह, योगेंद्र कुमार गुप्ता, मनोज यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

### नए वर्ष के अवसर पर औरंगा और कोयल नदी संगम तट रहा पिकनिक स्पॉट


सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते थाना प्रभारी।

**बेतला।** नए साल के अवसर पर केचकी स्थित औरंगा और कोयल नदी संगम तट पर पिकनिक स्पोर्ट बना रहा। साल की शुरूआत लोग प्राकृति के सौंदर्य से करते है चाहते है की घने पेड़ पौधे हरा भरा मनोरम दृश्य हो और सुंदर नदियो हो एवं शांत जगह। जो की पलामू ब्याघ्र परियोजना क्षेत्र के बेतला नेशनल पार्क स्थित दर्जनों पर्यटन स्थल है बेतला नेशनल पार्क कवल दह झील पलामू किले तथहा गर्म पानी पर पहले जनवरी के अवसर भीड़ उमड़ पड़ी। जबकी केचकी कोयल और ओरंगा संगम तट पर पिकनीक स्पोर्ट बना रहा है पिकनीक के बाद सैलानियो ने बेतला पार्क में भ्रमण कर रंग विरंग के जानवर पक्षीयो को देखकर काफी खुश थे अधिकतर लोग गढवा पलामू लातेहार के सैलानी की भीड़ उमड़ पड़ी थी ।वन विभाग और बरवाडीह पुलिस के द्वारा सुरक्षा की तैनात पर्यटन स्थल के जगह जगह पर किया गया ताकी कोई व्यक्ति परेशान नही हो ।वन विभाग के अधिकारियों ने भी सुरक्षा में कोई कसर नही छोड़ा।

### बनहरदी कोल ब्लॉक से प्रभावित हो रहे ग्रामीणो ने की बैठक, गम के साथ की नव वर्ष की शुरूआत


ग्राम सभा में मौजूद ग्रामीण।

➲ ग्रामीणो ने लगाया आरोप, कहा कंपनी व प्रशासन कर रही है ग्रामीणो की हकमारी

**चंदवा।** एक ओर नव वर्ष के मौके पर पुरा चंदवा प्रखंड हर्ष व उल्लास में डुबा रहा वहीं इसके ठीक विपरित बनहरदी कोल ब्लॉक से प्रभावित हो रहे ग्रामीणो ने खुशी के बजाये गम के साथ नव वर्ष की शुरूआत की। कोल ब्लॉक से प्रभावित हो रहे कई गांवों के सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणो ने सोमवार को बनहरदी के सामुदायिक भवन प्रांगण में ग्राम सभा किया। ग्राम सभा की अध्यक्षता बनहरदी ग्राम प्रधान इंद्रदेव उरांव ने किया। ग्राम सभा में ग्रामीणो ने कहा कि एक ओर पुरे जिले के लोगो को नव वर्ष की खुशी है वहीं दुसरी ओर बनहरदी कोल ब्लॉक से प्रभावित हो रहे रैयतो को विस्थापन का गम है। कंपनी प्रबंधन व प्रशासन विस्थापित हो रहे ग्रामीणो के हक को मार रही है। ग्राम सभा के माध्यम से मिले अधिकारों का हनन किया जा रहा है। बिना ग्राम सभा के अनुमति के कार्य किया जा रहा है जो गलत है। इस दौरान ग्रामीणो ने सर्व सम्मति से कई प्रस्तावों पर निर्णय लिया व बिना ग्राम सभा के अनुमति के कोई कार्य संचालित नही किये जाने की भी बात कही। मौके पर शिव मंगल भगत, रमेश उरांव, मंटू कुमार, सकिन्द्र ठाकुर, इंद्रमणि देवी, आरती उरांव, सविता देवी, बानेश्वर उरांव, चंद्रदेव उरांव, विजेन्द्र उरांव, अमित उरांव, सुनिल उरांव, कैलाश उरांव, जलेश्वर उरांव, अनिलाल उरांव समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### चंदवा में हर्षोल्लास के साथ हुआ नव वर्ष का स्वागत


मां उग्रतारा मंदिर में उमड़ा भक्तो का जन सैलाब।

**चंदवा।** वर्ष 2023 के अलविदा होते ही सोमवार को चंदवा में हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ रविवार को नये वर्ष 2024 की शुरूआत हुयी। चंदवा शहर सहित ग्रामीण इलाकों से नव वर्ष को लेकर उल्लास देखने को मिला। नव वर्ष की मंगलमय शुरूआत करने के लिये मां उग्रतारा नगर मंदिर में आस्था का जन सैलाब उमड़ा, हजारो की संख्या में लोग चंदवा के मां उग्रतारा नगर मंदिर में पहुंचे व पूजा-अर्चना कर नव वर्ष की शुरूआत की। सोमवार की अहले सुबह से हीं भक्तो का पहुंचना शुरू हो गया था। सुबह सात बजे के बाद मंदिर में पूजन को लेकर लंबी कतार देखने को मिली। दिन चढ़न के साथ हीं श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ती गयी।

#### नव वर्ष पर गुलजार रहे चंदवा के पिकनिक स्पॉट

नव वर्ष के मौके पर चंदवा के पिकनिक स्पॉट सैलानियों से गुलजार रहा। चंदवा के कांति झरना, 27 नंबर रेल ब्रिज, झुनझुनिया वाटर फॉल, हिन्डाल्को नर्सरी, प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठाया। वहीं कांति झरना में भी सैलानियों की भारी भींड देखने को मिली। देवनद तट पर नव निर्मित इक्को पार्क में भी बच्चो की काफी भींड़ देखने को मिली, इसके अलावे अन्य पिकनिक स्पॉटो में सैलानियों की भारी भींड देखने को मिली।

